मूल्य 1 रु.

वर्षः 12 - अंक : 42, मुंबई, बुधवार, 9 मार्च, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# दो साल बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हटा प्रतिबंध

## 27 मार्च से दोबारा शुरू होंगी सेवाएं




### 23 मार्च 2020 से लगा था बैन

**संवाददाता / नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार, तकरीबन दो साल बाद आगामी 27 मार्च 2022 से भारत के लिए और भारत से वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## महाराष्ट्र में जारी है सेंट्रल एजेंसीज का एक्शन


### आदित्य ठाकरे के करीबी शिवसेना नेता राहुल कनाल के पुणे और मुंबई के ठिकानों पर...

# आईटी का छापा



### पर्यटन मंत्री ने कहा-महाराष्ट्र झुकेगा नही

**संवाददाता / मुंबई।** आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई और पुणे में करीब 12 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। छापे की ये कार्रवाई बांद्रा में राहुल कनाल, कांदिवली में शिवसेना सदस्य सदानंद कदम और पुणे में उप आरटीओ अधिकारी बजरंग खरमाटे के आवास पर हुई। बता दें कि इसके अलावा मुंबई और पुणे में कई लोगों के घर पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने छापा मारा। दरअसल, राहुल कनाल को शिवसेना युवा नेता और पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे का करीबी बताया जाता है। वहीं सदानंद कदम शिवसेना नेता रामदास कदम के भाई और बिजनेस पार्टनर हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)



छापेमारी पर युवा सेना के प्रमुख आदित्य ठाकरे ने कहा, 'महाराष्ट्र पर पहले भी हमला हो चुका है। ये दिल्ली का आक्रमण है। यहां चुनाव होने वाले है, जब भी बीजेपी को महाविकास अघाड़ी सराकर से डर लगने लगा तभी से यह सब शुरू है। बीजेपी का प्रचार तंत्र सक्रिय हो गया है। इन केंद्रीय एजेंसीज के आगे महाराष्ट्र झुकेगा नहीं, महाराष्ट्र रुकेगा नहीं।'


# बीएमसी में हुआ बदलाव




### अब मुंबई की मेयर नहीं बल्कि कमिश्नर के हाथ में होगी कमान

**संवाददाता / मुंबई।** बीएमसी में नगरसेवकों का कार्यकाल 7 मार्च को समाप्त हो गया। अब मुंबई की मेयर नहीं बल्कि कमिश्नर के हाथ में कमान होगी। यह करीब 38 साल के बाद होगा। एडमिनिस्ट्रेशन से लेकर मुंबई के विकास कार्यों के सभी निर्णय कमिश्नर लेंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई में बदलेगी वॉटर टैक्सी की जेट्टी



## गेट वे ऑफ इंडिया होगा नया ठिकाना

**मुंबई।** वॉटर टैक्सी को उम्मीद से कम प्रतिसाद मिलने के बाद जेट्टी में बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। क्रूज टर्मिनल की जेट्टी पर वॉटर टैक्सी ऑपरेटरों के ऐतराज है। ऑपरेटर की आपत्ति के बाद महाराष्ट्र मैरी टाइम बोर्ड (एमएमबी) ने मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को गेट वे ऑफ इंडिया पर जेट्टी की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भेजा है। मौजूदा समय में मुंबई से क्रूज टर्मिनल के भाउ का धक्का से टैक्सी चलती है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### शांतिपूर्ण चुनाव

**पांच** राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों में मतदान के आखिरी दौर का समापन किसी खुशखबरी से कम नहीं है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में सातवें चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब सबकी नजर चुनाव परिणामों पर होगी, लेकिन वस्तुतः जिस कुशलता के साथ इस विशाल राज्य में मतदान के दौर संपन्न हुए हैं, उसकी प्रशंसा करनी चाहिए। चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों को अगर हम छोड़ दें, तो चुनाव कुल मिलाकर शांतिपूर्वक संपन्न हुए हैं। संघर्ष भले तीखा रहा हो, जुबानी हमले भी खूब हुए हैं, प्रतिष्ठा का प्रश्न भी बड़ा रहा है, लेकिन हिंसा की कोई ऐसी घटना नहीं हुई है, जिसे भुलाया न जा सके। कुछ जगहों पर जो झड़पें हुई हैं, उन्हें स्थानीय ही मानकर चलना चाहिए। शांतिपूर्वक मतदान का एक बड़ा कारण यह भी है कि बड़ी सभाओं से इस चुनाव में कमोबेश बचा गया है। शुरू में कोरोना की वजह से भी लोगों का परस्पर टकराव कम हुआ है। शांतिपूर्वक और शालीनता के साथ चुनाव प्रचार हमने देखा है। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को भी इस बार गलियों में पैदल वोट मांगते देखा गया है, तो इसका श्रेय महामारी को भी देना चाहिए। चुनाव आयोग अगर ढीला पड़ जाता, तो चुनाव में लोगों के बीच आक्रामकता को मौका मिलता। गौर करने की बात है कि हर पार्टी को इस चुनाव में आगे अवसर नजर आ रहा है, इसलिए भी पार्टियों के कार्यकर्ताओं का संयम नहीं टूटा है। सांप्रदायिकता की चर्चा भी कमोबेश अपनी हद में रही है। लोग अगर अपनी खुशी जताते हुए मतदान करते पाए गए हैं, तो असंतुष्ट लोग भी मतदान से पीछे नहीं रहे हैं। जनता का विश्वास चुनाव पर न केवल बढ़ा है, बल्कि वे बनने वाली सरकारों से बहुत उम्मीदें लगाए हुए हैं। लोग चुनाव के प्रति सजग हैं, लेकिन मतदान प्रतिशत आशा के अनुरूप नहीं है। हमें एक बार सोचना चाहिए कि गोवा जैसे राज्य में मतदान प्रतिशत 78.94 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, तो उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में मतदान 60 प्रतिशत के पार क्यों नहीं पहुंच सकता? इस बार उत्तराखंड में 65.4 प्रतिशत मतदान हुआ है, पर वहां भी मतदान क्रमशः घट रहा है। मतदान बढ़ाने के उपायों पर चुनाव आयोग को ज्यादा काम करना होगा। लोगों में भी जागरूकता की जरूरत है। लोग सरकारों को कोसते हैं, उनसे उम्मीद रखते हैं, लेकिन मतदान से क्यों बचते हैं? मतगणना से पहले नेताओं को पूरे संयम का परिचय देना चाहिए। एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ गए हैं, जिन पर दो दिन खूब चर्चा होगी। हालांकि, बौद्धिक विलास के लिए ऐसे सर्वेक्षण ठीक हैं, लेकिन वास्तविक तस्वीर 10 मार्च को ही सामने आएगी। सत्ता के प्रत्याशी नेताओं को भी किसी भी तरह के बड़बोलेपन से बचना होगा। जीते कोई भी, उसे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। इस चुनाव में कुछ जगह हमने देखा है कि आम लोगों ने कैसे प्रत्याशियों का अनादर किया है। ऐसे अनादर से हमारे नेताओं को बचना चाहिए, इसके लिए जरूरी है कि मतदाताओं की भावनाओं और उम्मीदों का आदर किया जाए। जब मतदान संपन्न हो गया है, तो नेताओं को अपने वादों के प्रति भी सचेत होना चाहिए। जनसेवा के लिए सत्ता जरूरी नहीं है, सत्ता के बिना भी लोगों के बीच रहकर अपने आधार को मजबूत किया जा सकता है। चुनाव लड़ने और चुनाव जीतने वाले नेताओं पर सबकी नजर है।

# चुनावी वादों की सीमा तो होनी चाहिए



**भारत** में पिछले कुछ समय से चुनावी वादों की शक्ल-सूरत बदल गई है। पहले घोषणापत्र में कुछ वादे किए जाते थे, जो आमतौर पर नीतिगत होते थे। पार्टियां देश और नागरिकों के व्यापक हितों को ध्यान में रख कर वादे करती थी। लेकिन अब व्यापक या राष्ट्रीय हित की बात कम होती है और मतदाताओं के निजी हितों से जुड़े वादे ज्यादा किए जाते हैं। इसे मुफ्त में दुनिया भर की चीजें बांटने की घोषणाओं के रूप में देखा जा सकता है। हैरानी की बात है कि लोग भी यह समझते हैं कि सरकार उन्हें मुफ्त में कोई वस्तु या सेवा दे रही है, जबकि वह वस्तु या सेवा उन्हीं से वसूले गए टैक्स के पैसे से दी जाती है।

पिछले दिनों इससे जुड़ी एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी, जिसमें चुनाव से पहले कोई भी वस्तु या सेवा मुफ्त में देने के वादे करने वाली पार्टियों का पंजीयन रद्द करने का आदेश देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को न सिर्फ खारिज कर दिया था, बल्कि सुधार करके याचिका दायर करने से भी याचिकाकर्ता को रोक दिया था। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता ने इसमें कुछ ही पार्टियों के नाम लिखे हैं, जबकि इस तरह के काम सारी पार्टियां कर रही हैं। हो सकता है कि तकनीकी रूप से इस आधार पर याचिका खारिज किए जाने लायक हो लेकिन असल में यह एक बेहद खराब राजनीतिक प्रवृत्ति है, जिस पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। भारत जैसे देश में यह वोट को प्रभावित करने का बड़ा जरिया बन रहा है और इससे न सिर्फ राष्ट्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि नागरिकों के व्यापक हितों पर भी असर हो रहा है। इससे देश के बुनियादी ढांचे का विकास प्रभावित हो रहा है, सरकारों के पूंजीगत खर्च कम हो रहे हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर बनने की संभावना घटती जा रही है, निजीकरण को इससे बढ़ावा मिल रहा है और विकास करने की सरकार की जिम्मेदारी खत्म होती जा रही है।

विकास का मतलब अब यह मान लिया गया है कि कौन सी सरकार लोगों को कितने यूनिट बिजली मुफ्त में दे रही है, कितने किलोलीटर पानी फ्री में दिया जा रहा है, कौन मुफ्त में तीर्थाटन करा रहा है, कौन लैपटॉप, स्कूटी या स्मार्ट फोन फ्री में दे रहा है, कौन साइकिल और पोशाक बांट रहा है, कौन वाशिंग मशीन, मंगलसूत्र और गाय-भैंस फ्री में देने का वादा कर रहा है, कौन अनाज और उसके साथ साथ दाल, नमक और तेल मुफ्त में दे रहा है, कितना पैसा महिलाओं को नकद दिया जा रहा है आदि-आदि। इन सब चीजों का वादा करके पार्टियां विकास के बुनियादी सिद्धांतों को ताक पर रख देती हैं। उसके बाद लोगों को भी उनसे मतलब नहीं रह जाता है। लोग इन मुफ्त की चीजों के सहारे जीवन चलाने में व्यस्त हो जाते हैं और पिछले कुछ सालों में तो इसके इतने आदी हो गए हैं कि उनको लगता है कि यहीं जीवन की स्वाभाविक गति है। अब उनको रोजगार नहीं चाहिए। वे यह नहीं सोच रहे हैं कि रोजगार हासिल होगा तो ये सारी चीजें वे अपने आप हासिल कर सकते हैं और उनका जीवन ज्यादा गरिमामय होगा। वे किसी की कृपा के मोहताज नहीं होंगे। सरकारों के ऊपर आश्रित नहीं होंगे। सरकारों के ऊपर लोगों की इस बढ़ती निर्भरता ने इस राजनीति को मजबूती के साथ स्थापित करना शुरू कर दिया है। मुफ्त की चीजों की लालच की ऐसी पट्टी लोगों की आंखों पर बंध गई है कि वे अपना ही हित नहीं देख पा रहे हैं। सरकार उनके ऊपर लगातार टैक्स बढ़ाती जा रही है। पिछले आठ साल में औसतन छह फीसदी तक टैक्स बढ़ गया है। सरकार लोगों से भारी-भरकम टैक्स वसूल रही है और उसी का एक हिस्सा मुफ्त में कुछ वस्तुएं और सेवाएं देने में खर्च कर रही है। पार्टियां कहती हैं कि वे भ्रष्टाचार रोक देंगी और उससे जो पैसा बचेगा उससे मुफ्त में सारी चीजें दे देंगी। लेकिन असल में होता इसका उलटा है। इस तरह की राजनीति से विकास की रफ्तार थम जाती है और भ्रष्टाचार की गति बढ़ जाती है। भारत जैसे देश में, जहां अब भी बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे रहती है या जीवन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करती है। सोचें, अगर ऐसी आबादी बढ़ती जाए तो राजनीति कितनी आसान हो जाएगी! भारत में पहले भी लोग सरकारों को माई-बाप मानते रहे हैं लेकिन अब तो सचमुच सरकारें माई-बाप की भूमिका में आ गई हैं। तभी तो मतदाता स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने सरकार का नमक खाया है और उसका हक अदा करेंगे! तभी तो लाभार्थियों का एक नया मतदाता समूह पैदा हो गया है, जो किसी भी चुनाव की दशा-दिशा बदलने में सक्षम है। तभी तो इस लाभार्थी वर्ग को बड़ा करने, उसकी भूख बढ़ाने और फिर उस भूख को शांत करने की राजनीति का दायरा बढ़ता जा रहा है। सरकारों ने इस राजनीति में अपनी बड़ी जिम्मेदारी से बचने का रास्ता तलाश लिया है।

अब देश के निर्माण का जिम्मा निजी हाथों में सौंप दिया गया है और सरकारों का काम इतना भर रह गया है कि वह माई-बाप बन कर मतदाताओं का पेट भरे। अब गरीबी दूर करना किसी का एजेंडा नहीं है, बल्कि गरीब का पेट भरना सबसे बड़ी राजनीतिक जिम्मेदारी हो गई है। अभी पांच राज्यों के चुनाव संपन्न हुए हैं और पूरे चुनाव में सबसे ज्यादा प्रचार इसी बात का हुआ कि कौन सी पार्टी मतदाताओं को कितनी चीजें मुफ्त में दे सकती है। जाति के साथ साथ धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण का भारतीय राजनीति का सत्य अपनी जगह है। अब उसके साथ मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की राजनीति भी जुड़ गई है। विकास की अवधारणा, राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता और विचारधारा के अंत के साथ इस राजनीति की शुरूआत हुई है।

# ‘भय’ में चुनाव और नतीजे से भी ‘भय’!

सन 2014 से हर चुनाव नरेंद्र मोदी का। उन जैसा न कोई चुनाव लड़ता है और न कोई लड़ सकता है। मानों चुनाव ही उनकी ऊर्जा, बल, धुन और उसी की मास्टरी में जनता पर जादू! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को अभिभूत, अंध भक्त बनाने का हर नुस्खा जानते हैं। पॉवर के स्वाद और भूख में वे चुनावों से इतने पके हैं कि प्रचार और कैंपेन उनके स्वभाव और शासन का एक हिस्सा है। चुनाव और कैंपेन में उन्हें मजा आता है। चुनाव और चुनाव की भीड़ उनकी खुशी का वक्त होता है। अभिनय, भाषण-संवाद उनका लोक-लुभावन सेट होता है। मैं नरेंद्र मोदी को 2014 से लोकसभा-विधानसभा चुनावों में फॉलो करती रही हुई हूं और हर चुनाव के बाद लगा कि नरेंद्र मोदी की आर्ट ऑफ इलेक्शनरिंग नए-नए प्रोफेशनल हुनर से चुस्त व चमचमाती हुई है। हर चुनाव से उनकी भाव-भंगिमा अधिकाधिक खिलती हुई और उसके जादू पर इठलाते हुए। लेकिन इस चुनाव में बहुत कुछ मिस था। इस दफा नरेंद्र मोदी चुनाव को एनजॉय करते हुए नहीं थे। वे ठहरे-ठिठके और आंखें घूमाते हुए लोगों के चेहरों से बूझने की कोशिश में थे कि वे उनके अपने हैं या नहीं! सब सही है या कुछ गड़बड़? चुनाव मानों बोझ। एक जुआ! खास कर काशी के आखिरी रोड शो में भरोसे की चमक लगभग नहीं के बराबर। जैसे चार मार्च को ग्रैंड रोड शो के बाद राजू यादव ने कहा- लाइट गायब है अब की बार! बहुत उदास से लग रहे थे। जाहिर है राजू नाम के बाद क्योंकि यादव है तो मान सकते हैं कि वह समाजवादी पार्टी का वोटर होगा। मगर वह 2014 से नरेंद्र मोदी का दिवाना रहा है इसलिए प्रधानमंत्री का शो देखने पहुंचा था और उसे देख वह अच्छा फील नहीं कर रहा था।


मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

### विकास के मुद्दे को लेकर सत्ताधारी पार्टी पर निशाना साधते हुए

# कांग्रेस के सलमान रिजवी ने किया मुंब्रा प्रभाग समिति में धरना प्रदर्शन

संवाददाता/समद खान

**मुंब्रा।** आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए मुंब्रा शहर में चुनावी सरगर्मियां उफान पर नजर आ रही है विपक्ष हर मुमकिन कोशिश कर रहा है सत्ताधारी पार्टी को कटघरे में खड़े करने के लिए उनके द्वारा पीटे गए विकास के मुद्दे को लेकर गत 7 मार्च सोमवार मुंब्रा प्रभाग समिति में कांग्रेस के सलमान रिजवी और अपने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ धरना प्रदर्शन किया पत्रकारों से बात करते हुए सलमान रिजवी ने बताया कि जब से 2009 से एनसीपी का मुंब्रा शहर में समावेश हुआ है तब से लेकर आज तक किसी प्रकार का कोई विकास सत्ताधारी पार्टी द्वारा नहीं किया गया उन्होंने बताया मेरे द्वारा दिए 3 महीने पहले पत्र पर मुंब्रा प्रभाग समिति ने किसी प्रकार कि कोई कार्यवाही नहीं की गई हमने पत्र में कौसा के तालाब को प्राइवेटाइजेशन नहीं करने की मांग की थी और बच्चों के खेलने के लिए झूले और अन्य प्रकार की वस्तु और साथ-साथ तालाब को सुंदरीकरण करने की मांग भी की थी पर आज तक किसी प्रकार का कोई कार्य वहां पर मुंब्रा प्रभाग समिति द्वारा नहीं किया गया उन्होंने सत्ताधारी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा अमृत नगर परिसर में तंवर नगर परिसर में नालो का गटरों का काम करने के लिए मनपा प्रशासन के पास पैसे हैं परंतु गार्डन के लिए पैसे नहीं है उन्होंने मनपा प्रशासन द्वारा दी गई 20 करोड़ 35 लाख की निधि के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2018 में यह निधि मनपा प्रशासन द्वारा दी गई वह कार्य के लिए जो वर्ष 2016 में रस्ता रुंदी करण में तोड़े गए नालों को पीछे लेने के लिए बिजली के खंभे पीछे लेने के लिए केबल को पीछे लेने के लिए और अन्य कई कार्यों के लिए निधि का उपयोग करना था हम जब भी उसकी जानकारी मांगते हैं यह निधि का उपयोग कहां-कहां किया गया है हमको चलकर बताइए लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जाती पैसा कहां गया किन कार्यों पर वह निधि का उपयोग किया गया सत्ताधारी पार्टी मनपा प्रशासन से निधि तो बराबर ले रही है परंतु काम कुछ नहीं कर रही सड़कें आज भी गड्ढों से भरी पड़ी है शिमला पार्क के नाले गटरों में आज भी कचरो से भरा हुआ है मॉनसून के महीने में पूरे मुंब्रा शहर में पानी भरता हुआ नजर आता है यह किस तरह का विकास सत्ताधारी पार्टी द्वारा किया गया है हाल ही में एमएमआरडीए का बड़ा भ्रष्टाचार मनपा प्रशासन की दिग्गज अधिकारी की मिलीभगत से 17 मकान उन लोगों को दिए गए जिनका एमएमआरडीए इमारत से कोई लेना-देना नहीं है उन तमाम लोगों को मकान दे दिए गए लेकिन मेरे पास ओरिजिनल कागजात है टैक्स पोती है उन लोगों की जिनके मकान रस्ता रुंदीकरण मैं ध्वस्त किए गए हैं उन लोगों को मकान आज तक नहीं मिले हैं और मैं जब भी इसकी जानकारी मांगता हूं मुझे जानकारी नहीं दी जाती आखिर क्या कारण है क्यों मनपा प्रशासन एमएमआरडीए घोटाले की जानकारी छुपाने की क्यों कोशिश कर रही है यह तमाम मांगों को लेकर कांग्रेस के सलमान रिजवी और अन्य पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ थाना जिला अध्यक्ष विक्रांत चौहान के मार्गदर्शन में धरना प्रदर्शन किया गया फिर उसके बाद मुंब्रा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त सागर साळुंके को पत्र देकर दोबारा मांग की है और उन्हें आश्वस्त किया गया है कि जलद इनके द्वारा दिए गए पत्र पर तमाम मुद्दों पर कार्रवाई की जाएगी।



## बलात्कार मामले में न फंसाने के लिये रिश्वत लेते पकड़ा गया पुलिस उप निरीक्षक

**मुंबई।** मुंबई में बलात्कार के एक मामले में सह आरोपी न बनाने के लिये कथित तौर पर एक व्यक्ति से सात लाख रुपये लेते समय एक पुलिस उप-निरीक्षक को हिरासत में ले लिया गया। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएसआई भरत लक्ष्मण मुंडे (33) मुंबई में एन.एम. जोशी मार्ग थाने से संबद्ध है। सोमवार को जाल बिछाकर उसे सात लाख रुपये लेते हुए पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा, मुंडे ने अपने लिये पांच लाख, एक वरिष्ठ निरीक्षक के लिये 2 लाख और बलात्कार पीड़ित के लिये 30 लाख रुपये मांगे थे। महिला ने शिकायतकर्ता के संबंधी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराया था। मुंडे द्वारा धमकाए जाने के बाद शिकायतकर्ता ने एसीबी का रुख किया।

# मुंबई पुलिस ने 226 लावारिस वाहनों को हटाया

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 36 मामले दर्ज किये



**मुंबई।** मुंबई के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने 226 लावारिस वाहनों को हटाया एवं गलत दिशा में गाड़ी चलाने को लेकर 36 मामले दर्ज किये। उन्होंने पुलिस के प्रयास में सहयोग करने को लेकर मुंबईवासियों को धन्यवाद दिया। पांडे ने ट्वीट किया, हमारे प्रयास से कल 226 वाहन हटाये गये तथा गलत दिशा में गाड़ी चलाने को लेकर 36 मामले दर्ज किये गये। उम्मीद है कि मोटरसाइकिल चलाने वाले लोग इसका संज्ञान लेंगे। एक अधिकारी के अनुसार मुंबई पुलिस ने एक ओर से वाहनों के लिए निर्धारित मार्गों पर गलत दिशा से वाहन ले जाने पर 563 लोगों को दंडित किया, पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने पर 2,047 लोगों पर जुर्माना लगाया तथा सीट बेल्ट बांधे बगैर कार चलाने को लेकर 658 लोगों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि 2,864 दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट नहीं लगाने पर दंडित किया गया तथा ऑटो रिक्शा चालकों समेत सात वाहन चालकों के खिलाफ बिना परमिट के गाड़ी चलाने को लेकर कार्रवाई की गयी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### दो साल बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हटा प्रतिबंध

केंद्र सरकार की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, दुनिया भर में कोरोना महामारी का असर कम होने और टीकाकरण कवरेज की रफ्तार तेज होने के बाद हितधारकों के परामर्श से सरकार ने 27 मार्च से अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं को फिर शुरू करने का निर्णय किया है। बता दें कि भारत में निर्धारित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों पर प्रतिबंध 28 फरवरी तक लागू है। गौरतलब है कि भारत ने नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर कोरोना संकट की वजह से 23 मार्च 2020 से बैन लगाया था। हालांकि इस बीच कुछ देशों के साथ एयर बबल जैसी विशेष व्यवस्था के तहत उड़ानों का संचालन हो रहा था। जुलाई 2020 से एयर बबल व्यवस्था के तहत भारत और लगभग 40 देशों के बीच विशेष यात्री उड़ानें संचालित हो रही हैं।

### महाराष्ट्र में जारी है सेंट्रल एजेंसीज का एक्शन

साथ ही शिवसेना नेता और परिवहन मंत्री अनिल परब के करीबी हैं। जानकारी के मुताबिक, उप आरटीओ अधिकारी बजरंग खरमाटे को भी अनिल परब का करीबी बताया जाता है। खरमाटे से इनकम टैक्स विभाग के छापे की कार्रवाई से पहले प्रवर्तन निदेशालय ने भी पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख से जुड़े मामले में पूछताछ की थी। ईडी ने महाराष्ट्र के गृह विभाग और परिवहन विभाग में तबादला-पोस्टिंग के मामले की जांच के सिलसिले में खरमाटे का बयान दर्ज किया था। गौरतलब है कि आयकर अधिकारियों ने हाल ही में शिवसेना नेता और बीएमसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष यशवंत जाधव, उनके करीबी सहयोगी बिमल अग्रवाल, मदनी, लैंडमार्क इंफ्रास्ट्रक्चर, बिपिन जैन और बीएमसी के अन्य ठेकेदारों के आवासों पर छापेमारी की थी। आयकर विभाग को तलाशी के दौरान जाधव और उनके परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और बेनामीदारों के नाम पर 130 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति के सबूत मिले थे। बता दें कि इस दौरान विभाग को फर्जी तरीके से दिए जा रहे ठेके, हवाला लेन-देन और विदेशी जमाओं से जुड़े कई दस्तावेज मिले हैं। जाधव और बीएमसी ठेकेदारों के खिलाफ भ्रष्टाचार, गुटबंदी की शिकायतों के बाद 35 जगहों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

### बीएमसी में हुआ बदलाव

निर्णय लेने में नगरसेवकों की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। बीएमसी चुनाव समय से न हो पाने के कारण राज्य मंत्रिमंडल ने 9 फरवरी को बीएमसी में प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया था। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया, बीएमसी में पहली बार 1 अप्रैल 1984 से 25 अप्रैल 1985 तक प्रशासक की नियुक्ति हुई थी। उवर्ष 1990 से 1992 तक महिला आरक्षण के मुद्दे पर बीएमसी का कार्यकाल बढ़ाया गया था। इस बार भी बीएमसी में नेता विपक्ष रवि राजा ने प्रशासक नियुक्त करने का विरोध करते हुए कार्यकाल बढ़ाने की मांग की थी। बीएमसी की स्थायी समिति ने अपने कार्यकाल के आखिरी दिन मुंबई के विकास के लिए आधे घंटे में करीब 5,000 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पास किए। विपक्षी दल बीजेपी की आपत्ति को दरकिनार करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने 365 प्रस्तावों में से करीब 300 प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसके विरोध में बीजेपी ने बीएमसी कमिश्नर के कार्यालय के बाहर धरना दिया और प्रदर्शन किया। जवाब में शिवसेना के नगरसेवकों ने स्थायी समिति अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और यशवंत जाधव के निर्णय का समर्थन किया। पास हुए प्रस्तावों में प्रमुख हैं नाहुर हॉस्पिटल के विकास कार्यों के लिए 769 करोड़ रुपये, कांदिवली स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर (शताब्दी) हॉस्पिटल के लिए 509 करोड़, मलबार टेकडी जलाशय के विकास कार्य के लिए 698 करोड़, नायर हॉस्पिटल के लिए 348 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। इसी तरह, पवई-घाटकोपर जलाशय टनल के लिए 607 करोड़, फायर ब्रिगेड के आधुनिकीकरण के लिए 126 करोड़, सीवरेज लाइन के लिए 80 करोड़, दक्षिण मुंबई में छोटी सड़कों के विकास के लिए 23 करोड़, नाले बनाने क लिए 22 करोड़ रुपये, मानखुर्द में छोटी सड़कों के लिए 26 करोड़, कुर्ला में छोटी सड़कों के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इनमें पहले के करीब 600 करोड़ रुपये के प्रस्ताव और अन्य कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपये के पेंडिंग प्रस्ताव शामिल थे।

### मुंबई में बदलेगी वॉटर टैक्सी की जेट्टी

भाऊ का धक्का से बेलापुर और जेनएनपीटी के बीच टैक्सी चलती है। 17 फरवरी को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई से नवी मुंबई के बीच वॉटर टैक्सी का उद्घाटन किया था। कम समय में तेजी से सफर पूरा करने वाली वॉटर टैक्सी के पर गिने-चुने यात्री ही नजर आ रहे हैं।

# दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** संपूर्ण विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाता है किसी दिवस के उपलक्ष में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर में एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विपिन राठी व समिति के सदस्यों ने सभी शिक्षिकाओं तथा विद्यालय में कार्यरत सेविकाओं को इस दिवस पर शुभकामनाएं दी राष्ट्र को मजबूती तभी मिलेगी जब महिलाएं स्वावलंबी व सशक्त होंगी विद्यालय इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है हर क्षेत्र में अग्रणी योग बालिकाएं महिलाएं इस पर चर्चा वार्ता हुई महिला को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा सर्वोत्तम माध्यम है यह विचार मजबूती से रखा गया! सभी महिला शिक्षिकाओं को पुष्प गुच्छ कार्ड (छात्रों द्वारा हस्तनिर्मित) सम्मान प्रतीक दिया गया साथ ही विद्यालय में कार्यरत सभी महिला सेविकाओं को भी सम्मानित किया गया।






# संपूर्ण झारखण्ड प्रदेश में निपुण भारत मिशन अंतर्गत एफएलएन प्रशिक्षण जारी

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** झारखंड प्रदेश में निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण पूरे प्रदेश में कराया जा रहा हैं। इसी क्रम में गोड्डा जिले के महागामा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय महागामा में एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण देने का कार्य ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक रीतेश रंजन, मुरारी शर्मा, राजेंद्र पंडित एवं निलेश कुमार कर रहे हैं। प्रशिक्षण में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और प्रोजेक्टर की मदद ली जा रही हैं। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों के बीच शिक्षण सामग्री फाइल, पेन, मार्कर, पैड, चार्ट पेपर आदि की व्यवस्था जिला स्तर पर की गई है जबकि चाय एवं भोजन का प्रबंध स्थानीय स्तर पर किया गया हैं। प्रशिक्षक रीतेश रंजन ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान के साथ पढ़ाई में कुशलता के लिए राष्ट्रीय पहल हैं निपुण भारत मिशन।



इस कार्यक्रम को प्रशिक्षण के उपरांत मिशन मोड में संचालित किया जाना हैं तथा इसके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 2026 - 2027 तक का समय निर्धारित किया गया हैं। वहीं मुरारी शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण एक साथ दो बैच में संचालित किया जा रहा हैं और प्रत्येक बैच में 40 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राजेंद्र पंडित ने बताया कि इस प्रशिक्षण में प्रखंड अंतर्गत सभी प्राथमिक विद्यालय के दो-दो शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। निलेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण गैर आवासीय है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के चाय और भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों में शाहीन जावेद, इबनुल हसन, अलका कुमारी, शगुफ्ता नूर, माधवी कुमारी, नियाज अहमद आदि शिक्षक उपस्थित थे। उक्त जानकारी जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव श्री गणेश नारायण शर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर समस्तीपुर रेल मंडल में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम संपन्न

**संवाददाता/जकी अहमद**

**समस्तीपुर।** विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उत्सव के रूप में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 8 मार्च, 1975 को महिला दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी, लेकिन उससे पहले साल 1909 में अमेरिका में पहली बार 28 फरवरी को 'महिला दिवस' मनाया गया था। दिनांक 08 मार्च, 2022 को गाड़ी संख्या 13226 दानापुर-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन सिर्फ महिला रेलकर्मियों द्वारा की गई। इस ट्रेन के परिचालन में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, गार्ड, टिकट चेकिंग स्टाफ, अनुरक्षण तथा सुरक्षा से जुड़े सिर्फ महिला कर्मचारी ही तैनात थी। इस ट्रेन को मंडल रेल प्रबंधक श्री आलोक अग्रवाल एवं श्रीमती अनुजा अग्रवाल, अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, समस्तीपुर ने अपनी टीम की सदस्याओं के साथ हरी झंडी दिखाकर समस्तीपुर से जयनगर के लिए रवाना किया। इसके अतिरिक्त समस्तीपुर रेल मंडल में भी 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर मंडल में कार्यरत समस्त महिला कर्मियों के सशक्तिकरण की जागृति के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक, श्री आलोक अग्रवाल के निर्देशन में दिनांक 08 मार्च, 2022 को समस्तीपुर स्थित अधिकारी क्लब परिसर के 'ललित कला केन्द्र' में आमंत्रित की गई मंडल की समस्त महिला कर्मियों को सम्मानित वक्ताओं तथा कार्यरत महिला सहकर्मी के संबोधन से सशक्तिकरण भाव को जागृत किये जाने के साथ-साथ उन्हें कर्मचारी कल्याण निधि समिति द्वारा निर्धारित एक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि हर साल 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' किसी न किसी थीम पर आधारित होता है और इस बार का विषय है 'एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता जरूरी' इस बार की थीम में लैंगिक समानता के उपर जोर दिया गया है। पिछले कुछ समय से दुनियाभर में लैंगिक समानताओं को लेकर काफी चर्चाएं हो रही है। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, श्री ओम प्रकाश सिंह ने महिला सशक्तिकरण हेतु मंडल द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में उपस्थित कर्मियों को अवगत कराया। रेल प्रशासन के ऐसे प्रयासों से महिला कर्मियों को कर्तव्यों के प्रति आकर्षण एवं सम्मान का भाव सुदृढ़ होगा। रेल प्रषासन की यह पहल केन्द्र सरकार की नीतियों के अधीन नियोजित है। इस अवसर पर रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक-। श्री जे. के. सिंह, रेल मंडल के सभी शाखाधिकारी, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, समस्तीपुर की अध्यक्षा श्रीमती अनुजा अग्रवाल, पूर्व मध्य रेल कर्मचारी यूनियन के सहायक महामंत्री सह मंडल मंत्री, श्री के. के. मिश्रा, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार भी अपने प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित थे।

# दावा : नहीं आएगी कोरोना की चौथी लहर

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना की तीसरी लहर लगातार कमजोर पड़ रही है। देश भर में अब कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या भी पचास हजार से नीचे आ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी कोरोना को लेकर बड़ी राहत का अनुमान लगा रहे हैं। महामारी विशेषज्ञ डॉ टी जैकब जॉन का कहना है कि भारत मे कोरोना की तीसरी लहर अपने अंतिम चरणों में है और अब कोरोना की चौथी लहर नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि मुझे इसका भरोसा है। हालांकि किसी नए वैरिएंट के विस्फोट पर ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन निकट भविष्य में ऐसी कोई संभावना नहीं दिख रही। मंगलवार को आये कोरोना आंकड़ों ने मुताबिक, बीते एक दिन में कोरोना के 3993 नए मामले मिले हैं। मंगलवार का आंकडडा पिछले 662 दिनों में सबसे कम है। 2022 में 21 जनवरी के बाद से कोरोना के मामलों में गिरावट का दौर जारी है। उस समय देश में कोरोना के कुल मामले 347254 थे, जो अब 50 हजार से भी कम बचे हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के वायरोलॉजी सेंटर के पूर्व निदेशक डॉ. जॉन का कहना है कि देश में कोरोना की तीसरी लहर कमजोर हो रही है। इन आंकड़ों से यह साफ है कि यह पैंडेमिक अब एन्डेमिक में तब्दील हो गया है।

# पाली में आनंद पाल सिंह के भाई मंजीत पाल सिंह का स्वागत किया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** श्री राष्ट्रीय चामुंडा सेना जोधपुर टीम के द्वारा रावणा राजपूत समाज के गौरव रहे स्वर्गीय आनंद पाल सिंह के भाई मंजीत पाल सिंह का पाली पहुचने पर स्वागत किया गया! इस दौरान देवी सिंह धोलिया, जगमाल सिंह धोलिया, जेठू सिंह बुचेटी, मनीष सिंह परिहार, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंह भाटी, कैलाश सिंह सरेंचा, मूल सिंह इन्दा, अध्यक्ष सज्जन सिंह कुडी, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।



धाड-बुलडाणा के चिखला घाट की घटना

# पति के सामने ही दो लोगों ने पत्नी के साथ किया सामूहक बलात्कार

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** बुलढाणा में शर्मनाक घटना सामने आई है। जहां दो बदमाशों ने पति के सामने ही पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी बाइक पर धाड़ से बुलढाणा की तरफ आ रहे पति-पत्नी ने दोपहिया वाहन को रोक कर पति पिटाई की पति के भारी विरोध के बावजूद बदमाश नहीं माने विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। ये घटना




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले 7 मार्च की सुबह सामने आई। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत ग्रामीण थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। बुलडाना ग्रामीण पुलिस स्टेशन में 24 वर्षीय विवाहित महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, शहर के एक कस्बे में रहने वाला दंपति 6 मार्च को किराए के लिए एक कमरा देखने के लिए धाड़ गया था। शाम 5.30 बजे धाड़ पहुंचने के बाद वह 10.30 से बजे के बीच धाड से बुलडाना जा रहे थे, तभी 11.30 बजे चिखला घाट के पास उन की दोपहिया वाहन को दो अजनबियों ने रोक लिया। इनमें से एक ने हाथ में पत्थर लेकर पीड़िता के पति को बेदम पिटाई की जबकि दूसरा पीड़िता को सड़क पर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद दंपत्ति को दहशत की स्थिति में जिला सामान्य अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन ने गांव पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने अस्पताल जाकर पीड़िता व उसके पति से पूछताछ की। पुलिस ने सात मार्च की सुबह दो अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। फिलहाल पीड़िता और उसके पति का इलाज चल रहा है।

# कांग्रेस का प्लान: चुनाव परिणाम को लेकर उत्तराखंड और पंजाब में वरिष्ठ नेताओं की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव परिणामों को लेकर राजनीतिक दल काफी सतर्क और गंभीर हैं। मंगलवार को उत्तराखंड और पंजाब समेत उन राज्यों में चुनाव प्रबंधन के लिए वरिष्ठ नेताओं की नियुक्ति की है, जहां दस मार्च को परिणाम आने हैं। सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख डी के शिवकुमार गोवा में विशेष पर्यवेक्षक होंगे। पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के अलावा विन्सेंट पाला को मणिपुर में नियुक्त किया गया है। महासचिव अजय माकन और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा को पंजाब के लिए विशेष पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात किया गया है। खेड़ा चंडीगढ़ पहुंच चुके हैं। जबकि माकन बुधवार को रवाना होंगे। राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा देहरादून के लिए रवाना हो गए हैं। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में विशेष ध्यान रखने की जिम्मेदारी दी है। हुड्डा उत्तराखंड पहुंच चुके हैं। कांग्रेस के इस कदम का मकसद गोवा, उत्तराखंड, मणिपुर और पंजाब में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में कांग्रेस को एकजुट रखना है। विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति उन राज्यों में सरकार बनाने के लिए कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है जहां किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है।

# उन्माद-उत्पात और बढ़ते अपराध के खिलाफ नित्यानंद राय एवं हरभूषण ठाकुर बचौल का पुतला फूंका

## मुसलमानों से वोट का अधिकार छीन लेने का ब्यान देने वाले भाजपा विधायक हरभूषण ठाकुर बचौल का विधानसभा सदस्यता रद्द करो: सुरेंद्र प्रसाद सिंह



**संवाददाता/जकी अहमद**

**समस्तीपुर।** 'उन्माद-उत्पात और अपराध का बढ़ता कारोबार-केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय हैं जिम्मेवार' एवं 'मुसलमानों से वोट का अधिकार छीन लेने का ब्यान देने वाले भाजपा विधायक हरभूषण ठाकुर बचौल का विधानसभा सदस्यता रद्द करो' का गगनभेदी नारे लगाते हुए अपने-अपने हाथों में झंडे, बैनर, प्लेकार्ड , नित्यानंद राय एवं हरभूषण ठाकुर बचौल का संयुक्त पूतला लेकर भाकपा माले के कार्यकताओं ने शनिवार को ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र के हास्पिटल चौक से जुलूस निकाला। जुलूस ताजपुर बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः हास्पिटल चौक पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गया सभा की अध्यक्षता प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। प्रखण्ड कमिटी सदस्य मो० एजाज, नौशाद तौहीदी, ब्रहमदेव प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, नौशाद खान, मो० मुजफ्फर, मो० सदीक, मो० मासुम, रौकी खान, मो० सज्जाद, चांद बाबू आदि ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा विधायक के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रखण्ड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कभी आधारपुर, कभी अलतलहा तो कभी रूपौली में साजिश के तहत उन्माद-उत्पात की घटनाएं हो रही है। स्थानीय उजियारपुर के सांसद सह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा उक्त घटनाओं पर न सिर्फ चुप्पी साधे रहने की बल्कि आरोपियों को संरक्षण देने की चर्चाएं हैं, इससे जिलेवासी हलकान हैं। बिस्फी के भाजपा विधायक हरभूषण ठाकुर बचौल ने तो मुसलमानों से वोट का अधिकार छीन लेने का ब्यान तक दे डाला। यह संविधान का उलंघन है। माले नेता ने उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय एवं भाजपा विधायक हरभूषण ठाकुर बचौल का पूतला फूंककर विरोध प्रकट किया गया।

# आज की महिलाओं के लिए रोल मॉडल हैं करिश्मा हाड़ा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** हाड़ौती के मान, राजपूताना के सम्मान और राजस्थान के स्वाभिमान की प्रतीक एक ऐसी शख्सियत जिसने देश दुनिया में अपनी मेहनत और काबलियत के बूते अपना लोहा मनवाया। इस करिश्माई व्यक्तित्व और कृतित्व की धनी हैं करिश्मा हाड़ा। इनके जीवन का फलसफा इस एक पंक्ति से पता चलता हैं जिस दिन से चली हू मंजिल पर नजर हैं लेकिन अभी तक मील का पत्थर नहीं देखा। जिसने हर क्षेत्र में अपने काम से लोगों का दिल तो जीता ही हैं साथ ही उन्हें सशक्त भी किया है।एक ऐसी नारी शक्ति जिसने अपने हौसले को उड़ान देते हुए एयर होस्टेस के रूप में देश ही नहीं बल्कि कई अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइंस कंपनी तक में काम करके नाम किया।वहीं जब बात चली डांस, एनसीसी, मॉडलिंग के साथ बास्केटबॉल कोर्ट की तो वहां भी अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। करिश्मा मिस राजस्थान भी रह चुकी हैं। इतना ही नहीं जब बेटियों को हितों को साधने की बात आई तो भी उन्होंने आगे आकर कई सामाजिक संस्थाओं का नेतृत्व कर महिला उत्थान में हाथ बंटाया हैं। राजस्थान के करणी कृपा फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन करिश्मा हाड़ा आज महिलाओं के लिए तो रोल मॉडल हैं ही साथ ही प्रत्येक उस व्यक्ति के लिए भी आइकोनिक हैं जो अपने दुख दर्द भूलकर गरीब को गणेश मान कर पूज रहा हो। कोविड-19 काल में जब चारो ओर दुख, दर्द, परेशानी का आलम था तो जरूरतमंदों की सेवा के लिए खुद ने दिन रात काम किया ही बल्कि लोगों को भी प्रेरित किया। उन्होंने न जाने कितनों के घर राशन, दवा आदि का इंतजाम कर इंसानियत का धर्म निभाया। करणी कृपा फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन जयपुर की सामाजिक कार्यकर्ता



करिश्मा हाड़ा की उम्र भले ही कम हो लेकिन उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है, इन्हें रक्षा मंत्रालय में भी सम्मानित गया, ये राजपूत समाज की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की संस्था की ब्रांड ऐम्बैसडर तो हैं साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है। उन्होंने अपनी सफलता का परचम हर क्षेत्र में लहराया है। उहोने बहुतों को आगे बढ़ा कर जर्रे से आफताब बनाने की कहानी को सार्थक किया है। देश में जब कोरोना वायरस पैर पसार रहा था और लॉक डाउन जैसी परिस्थितियों में करिश्मा हाड़ा ने जरूरतमंदों की सहायता के उन्हें कोविड-19 वॉरियर्स अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। कोरोना जागरूकता को लेकर भी उनके प्रयास सराहनीय हैं। कई बड़ी कंपनियों में रहीं एयर होस्टेस, दूरदर्शन में शोज और मॉडलिंग करने पर भी उनका मन नहीं भरा। करिश्मा हाड़ा फिलहाल पूरी तरह से समाज सेवा के क्षेत्र में उत्तर चुकी हैं। इससे पहले, उन्होंने अपनी प्रतिभा से कई ऊंची उड़ान भरी है। वे कई इंटरनेशनल एयरलाइंस कंपनियों में सीनियर एयर होस्टेस के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। एयर एशिया, ओमान इंटरनेशनल, स्पाइस जेट सहित कई कंपनियों में काम किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने दूरदर्शन में भी कई सीरीयल में काम किया है। कई शोज में मॉडलिंग करने के बाद भी उनका सफर और कारवां आगे बढ़ता गया। उन्होंनेअपनी भौतिक सुख सुविधाओं और विलासिता की दुनिया को छोड़कर अब समाज सेवा के समर में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया हैं। बालिका उत्थान से जुड़ी कई योजनाओं की ब्रांड एम्बेसडर करिश्मा हाड़ा राजस्थान में कई सामाजिक संस्थाओं से तो जुड़ी हुई हैं ही साथ ही उन्होंने राज्य में बालिका विकास और प्रगति के लिए भी कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वे निर्भया नशा मुक्ति केंद्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी सुरक्षा दल, बेटी स्वावलंबी मिशन सहित कई बड़ी योजनाओं की ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। उक्त जानकारी जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव श्री गणेश नारायण शर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



CMYK CMYK

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मातृशक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहराएं: निशा कँवर गौड़




**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** रावणा राजपूत समाज भीलवाड़ा मातृशक्ति द्वारा आज हाइफा हीरो भवन एवं छात्रावास जोधड़ास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संस्थान महिला जिलाध्यक्ष निशा कँवर गौड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संस्थान महिला जिलाध्यक्ष निशा कँवर गौड़, जिला उपाध्यक्ष मंजू कँवर राणावत, मुख्य अतिथि पार्षद आरती शेखावत द्वारा भगवान श्रीगणेश व हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। रावणा राजपूत महिला जिला संगठन मंत्री कांता कँवर कारोई व सुनीता कँवर द्वारा अतिथियों का उपरना, शॉल ओढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।आयोजन की मुख्य अतिथि आरती शेखावत ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं को बहादुर और सशक्त बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रावणा राजपूत समाज की महिलाएं किसी से कम नहीं है वर्तमान युग में अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए परिवार एवं समाज मे मातृशक्ति अपनी भूमिका निभाकर समाज को सशक्त और मजबूत बना कर समाज के सर्वांगीण विकास में सहयोगी बने। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। साथ ही विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किये साथ ही रावणा राजपूत समाज की महिला प्रतिभाओ का सम्मान किया साथ ही समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने व समाज की मातृशक्ति को आगे बढाने के लिए जागरूक मातृशक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष निशा कँवर गौड़ ने करते हुए सभी माताओं बहनों का समाज में अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मंजू कँवर राणावत ने कहा कि समाज की माताओं व बहनों को समाज एवं परिवार में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। संस्थान संगठन मंत्री कांता कँवर कारोई ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की एकता में महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस कार्यक्रम को सर्व रावणा राजपूत सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रतन सिंह राणावत, जिला अध्यक्ष भंवर सिंह भाटी ने भी संबोधित किया। मंच संचालन निशा कँवर गौड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष बाबू सिंह राणावत, एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, राजेन्द्र सिंह शेखावत एवं महिला शक्ति में ललिता पँवार, अंजलि राणावत, संतोष शेखावत, संपत पँवार, संतोष कँवर गौड़, मीना कँवर, संजू गहलोत, भगवती साँखला सहित कई महिलाएं उपस्थित थी। उक्त जानकारी रावणा राजपूत समाज के युवा नेता एवं अधिवक्ता पीरु सिंह गौड़ ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

## महिला शक्ति परिवार व समाज का मूल आधार हैं: अनिल आर्य

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद निष्ठा भारद्वाज ने कहा कि आज के युग में नारी अब अबला नहीं अपितु सबला है। वह अपने पैरों पर खड़ी हैं और समाज व राष्ट्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि नारी शक्ति परिवार व समाज का आधार है,सारी रचना उसके आसपास ही घूमती हैं। जैसा वह निर्माण करती हैं वैसा ही समाज बनता हैं। डॉ सुषमा आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती व आर्य समाज नारी को सम्मान देने की बात करते हैं। आचार्य विमलेश बंसल ने कहा कि पूरे विश्व में आज नारी का सम्मान बढ़ा है वह हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। प्रो करुणा चांदना ने कहा कि भौतिक उन्नति के साथ साथ परिवार के दायित्व का भी ध्यान रखना होगा जिससे पारिवारिक ढांचा सुरक्षित रहे। सुश्री आस्था आर्या, रजनी चुघ, रजनी गर्ग, अंजू मेहरोत्रा आदि ने भी अपने विचार रखे और नारी योगदान की चर्चा की। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि अपनी बेटियों को बहादुर, स्वालम्बी, शिक्षित करने का आह्वान किया,उन्हें ऐसा मजबूत बनायें जिससे वह जिंदगी के रणक्षेत्र में अपने भाग्य की निमार्ता स्वयं बन सकें। गायिका पिंकी आर्या, रचना वर्मा, कुसुम भण्डारी, नताशा कुमार, दीप्ति सपरा आदि ने मधुर गीत सुनाए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# संयमता एवं शान्ति पूर्वक ढंग से आने वाली सरकार का करना है स्वागत

**संवाददाता/नदीम अख्तर**



**रामपुर।** विधान सभा चुनाव का सातवां चरण समाप्त होने के बाद क्षेत्राधिकारी श्री कान्त प्रजापति के नेतृत्व में कोतवाल गौरव सिंह यादव सहित भारी पुलिस बल व पी ए सी के जवानों ने नगर के अन्दर अनेक मोहल्लों हाजीपुरा, भब्बलपुरी, पड़ाव, सेटाखेड़ा, बरगद, काजीपुरा, व मुख्य बाजार आदि का शान्ति व्यवस्था बनाये रखे जाने को लेकर भृमण किया गया साथ ही नगर वासियों को अवगत कराते हुए कहा गया कि प्रदेश के अन्दर किसी भी पार्टी की सरकार बने संयमता एवं शान्ति पूर्वक ढंग से आने वाली सरकार का स्वागत करना है तथा किसी भी तरह की शान्ति व्यवस्था को गड़बड़ाना नहीं हैं मतगणना के दिन कोई भी व्यक्ति शान्ति व्यवस्था को भंग करता हैं तब ऐसी दशा में उसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी भृमण के दौरान क्षेत्राधिकारी श्री कान्त प्रजापति, कोतवाल गौरव सिंह यादव, उपनिरीक्षक अंशु यादव, जितेन्द्र सिंह, कुल्वीर सिंह, बब्लू, योगेन्द्र पाल, राजीव कुमार, पी सी लोकेश कुमार, पी ए सी के डेढ़ प्लाटून जवानों ने भाग लिया।

# राजस्थान कल्चर हेरिटेज सीजन 2 का आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**



**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** राजस्थान कल्चर हेरिटेज सीजन 2 का लुक लॉन्च ज्वैलर्स बैंक्वेट एंड रिजॉर्ट में हुआ। शो के निर्देशक देवेश आहूजा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को शो के बारे में बताया कि महीने के अंत तक सीजन 2 का आयोजन किया जाएगा! हमारा शूट राजस्थान के कल्चर को परिभाषित करता हैं। सीजन 2 का आयोजन हमारे कल्चर वियर को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री शफाक नाज, सुपर मॉडल मौना गौतम, अक्षिता, अनमोल, नीरजा ने शूटिंग पूरी की। राजस्थान की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए बोधीट्री द्वारा डिजाइन और ज्वेलरी डिजाइन रघुवंशी ज्वेलर्स द्वारा किया गया। राजस्थान के संदर्भ में आज की नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए मॉडल तैयार किए गए हैं। इस खूबसूरत शूट को छायाकार ने शूट किया हैं और सभी खूबसूरत मेकअप सीमा शराफ द्वारा किया जाएगा।



# राशिद इकबाल संग शमां परवीन शादी के बंधन में बंधे

**संवाददाता/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** हरिनगर मधुबनी के निवासी जुल्फिकार साहब के बड़े पुत्र अजीजम राशिद इकबाल ने शमां परवीन पुत्री सरवर आलम, सोठगांव मधुबनी के साथ रविवार, 6 मार्च को पैगंबर की सुन्नत के अनुसार शादी के बंधन में बंध गए। मौलवी तनवीर फैजी ने इन दोनों का निकाह पढ़ाया और मशहूर शायर ओसामा आकि ल ने इसकी तारीफ में सेहरा गुनगुनाया और खुशी के मौका पर दुल्हा दुल्हन को नेक दुआओं के साथ खुशगवार जिन्दगी की नेक तमन्नाएं पेश कीं। जिसमें विशेष रूप से जनाब जुल्फिकार अली, जनाब मुस्लेउद्दीन साहेब, जनाब मास्टर सरवर आलम साहेब, जनाब अब्दुल हादी साहेब, जनाब फिरोज आलम, जहूर आलम, अकबर आलम, अनवर आलम, अकरम सल्फी, शमीम अहमद, मास्टर सफी अहमद, मास्टर जकी अहमद, मास्टर नूरुल्लाह, नसीम अहमद, अबूजर कासमी, अबरार अहमद, शमशाद अहमद, अबान अहमद, आफताब, मौलवी अनीस-उर-रहमान इस्लामी, हाफिज ताहिर मदनी, सलामतुल्लाह अंसारी, जुल्करनैन, मो० सईद, दानिश, नफीस, अब्दुल वसी बड़े बाबू, प्रो. अब्दुल रफी, मास्टर अब्दुल खबीर, मास्टर अब्दुल मतीन, मौलवी रजाउल्लाह, मौलवी ज़ियाउल्लाह, मौलवी जकाउल्लाह, मौलवी अताउल्लाह, अमदुल्लाह, हाफि ज ताहा सबा, इबादुल्लाह, मुमताज अहमद, अमजद असरी, ओसामा आकि ल और अन्य ने भाग लिया।

# ब्यूटी के लिए वरदान है एवोकाडो, जानिए 10 कमाल के फायदे



नाशपाती के समान दिखने वाला एवोकाडो एक ऐसा नायाब फल है जिसमें पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फैटी एसिड बहुत ज्यादा मात्रा में होता है साथ ही कोलेस्ट्राल का लेवल भी कम होता है। ज्यादातर लोग समझते हैं कि यह सब्जी है लेकिन यह फल की श्रेणी में आता है। इस फल में प्रोटीन, रेशे, नियासिन, थाइमिन, राइबोफ्लेविन, फोलिक एसिड और जिंक जैसे तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। एवोकाडो में काफी मात्रा में कैलोरी पाई जाती है, जो दिल के रोगों से हमें बचाती है। इसमें कोलेस्ट्रोल का लेवल बहुत कम होता है। वजन कम करने की सोच रहे हैं तो एवोकाडो आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**एवोकाडो क्या है?**

एवोकाडो नाशपाती के आकार का एक फल है जो आकार में अमूनन बड़ा होता है। इसे केले की तरह कच्चा ही पेड़ से तोड़ लिया जाता है। इसकी ऊपरी परत मोटी होती है जिसकी वजह से इसमें कीड़े नहीं लगते हैं। वैसे तो एवोकाडो की कई किस्में पायी जाती हैं लेकिन इसकी क्रीम वाली किस्में ज्यादा लोकप्रिय हैं। यह अपने अनोखे स्वाद और कई फायदों के लिए जाना जाता है।

**खाने का तरीका**

खाने में एवोकाडो को आमतौर पर कच्चा ही खाया जाता है। इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर काली मिर्च और नमक छिड़क कर सलाद के रूप में भी खाया जा सकता है। कई जगहों पर सैंडविच में भी एवोकाडो का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा बटर या ऑयल के स्थान पर भी एवोकाडो का इस्तेमाल कर अनहेल्दी कैलोरी लेने से बचा जा सकता है।

आइए बताते हैं एवोकाडो खाने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं-

**बालों के लिए वरदान** - एवोकाडो में कई तरह के आवश्यक तत्व और विटामिंस होते हैं, जो बालों को लंबा करने में मदद करते है। कई लोगों को रूखे बालों की समस्या रहती है। इससे बचने के लिए अपने बालों पर एवोकाडो लगाएं। इससे बालों को नमी मिलने के साथ-साथ हाइड्रेटेड बने रहते है। प्रदूषण, बालों की सही देखभाल न करना, हीटिंग टूल्स का अधिक इस्तेमाल करने से बाल डैमेज होने लगते है। ऐसे में एवोकाडो काफी फायदेमंद साबित होता है। इस फल में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल गुण डैंड्रफ की समस्या को रोकने का भी काम करते हैं।

**इंफेक्शन से बचाएं** - एवोकाडो को डाइट में शामिल कर आप इंफेक्शन से खुद को बचा सकते हैं। यह स्किन और पेट के इंफेक्शन में काफी कारगर साबित होता है। इससे पेट में कब्ज, डायरिया जैसी परेशानियां जल्दी नहीं होती। इसके अलावा खुजली और रैशिज से बचने के लिए एवोकाडो फायदेमंद होता है।

**हार्ट को रखें हेल्दी** - एवोकाडो में बीटा-सिटोस्टीरॉल पाया जाता है जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम कर दिल को रोगों से दूर रखता है। रोजाना एवोकाडो खाने से एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के एंटीएथेरोजेनिक गुण बढ़ते हैं जो दिल को एथेरोस्क्लेरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से दूर रखता है। इस फल में मौजूद पोटेशियम हाइपरटेंशन से लड़ता है और ब्लड सेल्स और आर्टरी के तनाव को कम करता है। इससे हॉर्ट अटैक और स्ट्रोक होने का खतरा कम होता है।

**लीवर को मजबूत बनाए** - एवोकाडो लीवर को डैमेज होने से बचाता है। इसमें कुछ ऐसे ऑर्गेनिक यौगिक पाए जाते हैं जो लीवर को स्वस्थ और मजबूत बनाने में मदद करते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि एवोकाडो कई तरह की बीमारियों से लीवर को बचाता है और इसे मजबूत बनाता है।

**सांसो की बदबू दूर करें** - अगर आप सांसों की बदबू से परेशान है तो एवोकाडो आपकी परेशानी दूर कर सकता है। यह पेट की गड़बड़ को सही करता है जिससे मुंह की बदबू दूर हो जाती है और एवोकाडो में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट फ्लेनॉयड मुंह के बैक्टीरिया को मारने में सहायक होता है। इसके अलावा एवोकैडो मुंह के कैंसर से भी हमें बचाता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद** - एवोकाडो में मौजूद तत्व हेल्दी स्किन के लिए बहुत जरूरी होता है। यह ड्राई और डैमेज स्किन को कोमल बनाता है। एवोकाडो में विटामिन और पोषक तत्व मौजूद होने के कारण कॉस्मेटिक पदार्थों में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है, जिससे त्वचा पर निखार आता है। एवोकाडो में बीटा कैरोटिन और लाइकोपिन जैसे दो ऑर्गेनिक यौगिक बहुत अधिक मात्रा में पाए जाते हैं जो सेहत को ठीक रखने के साथ ही स्किन को टोन करते हैं और बढ़ती उम्र के असर को रोकते हैं।

**धूप से स्किन को बचाएं** - सूरज की यू.वी किरणों से बचने के लिए आप एवोकाडो सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल कर सकती है। यह लोशन आपकी स्किन को यू.वी किरणों से बचाता है और साथ ही टेनिंग को भी कम करता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व सूरज की किरणों से बचाने में मदद करते हैं।

**आंखों के लिए फायदेमंद** - इसका सेवन आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसमें ल्यूटिन और जियाजैन्थीन नामक कैरोटीनॉयड मौजूद होते हैं जो आंखों को मोतियाबिंद और उम्र बढ़ने के साथ होने वाली आंखों की बीमारियों से बचाते हैं। आंखों के ज्यादातर रोग आंखों के ऊतकों में फ्री रेडिकल के जमा हो जाने के कारण होते हैं। एवोकाडो में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और कैरोटीनॉयड आंखों में फ्री रेडिकल के खतरे को कम करता है और आंखों को स्वस्थ रखता है।

**खाना पचाने में मददगार** - एवोकाडो इंटेस्टाइन के काम को आसान बनाता है और इससे खाना आसानी से पच जाता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है। इससे गैस्ट्रिक और डाइजेस्टिव जूस को आसानी से स्टीमुलेट किया जाता हैं जिससे शरीर पोषक तत्वों को आसानी से सोख पाता है।

**अर्थराइटिस के इलाज में फायदेमंद** - एवोकाडो में एंटी इंफ्लैमेटरी गुण पाया जाता है जो अर्थराइटिस के इलाज में काफी उपयोगी है। इसके अलावा इसमें फाइटोकेमिकल, फ्लैनॉयड, कैरोटिनॉयड, फाइटोस्टीरॉल, फैटी एल्कोहॉल और ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है जो पैर के जोड़ों और मसल्स के सूजन को कम करता है और अर्थराइटिस से बचाता है। पूरी दुनिया में लोग अर्थराइटिस से बचने के लिए एवोकाडो का सेवन करते हैं और स्वस्थ रहते हैं।

# बालों की ग्रोथ तेजी से बढ़ाएंगे ये 5 आयुर्वेदिक टिप्स



खूबसूरत, घने और लंबे बाल भला किस लड़की को पसंद नहीं होते लेकिन हर किसी की यह ख्वाहिश पूरी नहीं होती। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि आप बाल बढ़ा नहीं सकती। सही पोषण व केयरिंग ना मिल पाने की वजह से बाल डैमेज हो जाते हैं और उनकी ग्रोथ रूक जाती है लेकिन आप कुछ आयुर्वेदिक नुस्खे अपनाकर बालों की ग्रोथ बढ़ा सकती हैं। चलिए आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो तेजी से बालों की ग्रोथ बढ़ाएंगे।

**प्याज का रस** - प्याज का रस निकालकर रुई के टुकड़े की मदद से बालों में लगाएं। 15-20 मिनट बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। हफ्ते में 2-3 बार ऐसा करें। यह सल्फर से भरपूर होता है, जो ऊत्तकों में कोलेजन के उत्पादन बढ़ाता है। इससे बालों को फिर से बढ़ने में मदद मिलती है।

**अरंडी का तेल** - गुनगुने कैस्टर ऑयल से बालों में मालिश करने के बाद, 20 मिनट के लिए सर पर तौलिया लपेट लें और फिर सिर धो लें। आप चाहें तो तेल की चिपचिपाहट को दूर करने के लिए उसमें एक-दो बूंद नींबू का रस मिला लें। कैस्टर ऑयल बालों को घना और मुलायम बनाने के साथ इनकी ग्रोथ भी तेजी से बढ़ाता है।

**अंडा** - कच्चे अंडे को फेंटकर बालों में लगा लें और फिर थोड़ी देर बाद शैंपू से धो लें। इसमें प्रोटीन, सल्फर, जिंक, आयरन, आयोडीन और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसके अलावा अंडे में मौजूद विटामिन ए, ई और डी बालों की चमक और ग्रोथ तेजी से बढ़ाते हैं।

**एलोवेरा**


- एलोवेरा जेल से बालों की मसाज करें और उसे 1 घंटे के लिए छोड़ दें। उसके बाद माइल्ड शैंपू से सिर धो लें। एलोवेरा में मौजूद पोषक तत्व बालों का ग्रोथ बढ़ाने में और उनकी चमक को बरकरार रखने में मदद करते हैं। हफ्ते में कम से कम 2-3 बार इससे मसाज करें।

**करी पत्ता** - करी पत्तों को नारियल के तेल में गर्म करें और फिर पत्तों को छानकर तेल को ठंडा होने दें। इस तेल से अपने बालों की जड़ों की मालिश करें। मालिश के एक घंटे बाद सिर धो लें। यह ना सिर्फ बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद करता है बल्कि इससे बाल असमय सफेद भी नहीं होते। इतना ही नहीं, यह बालों को झड़ने से भी रोकता है।

**बालों की ग्रोथ बढ़ाने के अन्य टिप्स** - हफ्ते में कम से कम 2 बार हॉट ऑयल से बालों की मसाज करें। बाल शैंपू से धोने के बाद वह फ्रिजी और रूखे हो जाते हैं, जिसके कारण उसकी ग्रोथ रूक जाती है। ऐसे में स्कैल्प को नमी देने के लिए कंडीशनर जरूर करें। बालों को लंबा करने के लिए आपको बोअर ब्रिस्टल ब्रश का चयन करना चाहिए। हर 8 से 10 हफ्ते में ट्रिम करवाना जरुरी होता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# विद्युत जामवाल के शो में नजर आयेंगे अक्षय कुमार

**बॉलीवुड** के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार , विद्युत जामवाल के शो 'इंडियाज अल्टीमेट वॉरियर' में स्पेशल गेस्ट के तौर पर नजर आयेंगे। अक्षय जल्द ही 'इंडियाज अल्टीमेट वॉरियर' में स्पेशल गेस्ट के तौर पर नजर आयेंगे। इस शो में विद्युत जामवाल मेजबानी करते नजर आते हैं। 'इंडियाज अल्टीमेट वॉरियर' के हालिया प्रोमो वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए विद्युत ने लिखा, 'योद्धा वह है जो अपने शरीर में हर चीज का अनुभव करता है, यह जानते हुए कि यह उनका अपना अनुभव है। हमारे शो में अक्षय कुमार को स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल करना बहुत मजेदार था। विद्युत जामवाल ने कहा, यह उच्च समय है कि रियलिटी शो वास्तविक हो जाएं। मुझे जो काम दिया गया वह था परम योद्धा की खोज करना, कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी भी क्षण अपने मन, शरीर और आत्मा के साथ सब कुछ अनुभव करता हो। यह इस शो का मुख्य बिंदु था जहां हमने सबसे कठिन परिस्थितियों में सेनानियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए रखा! जिस व्यक्ति ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया वह भारत का अंतिम योद्धा है।

# माधुरी दीक्षित को लोग देते थे ताने

**माधुरी** दीक्षित को बॉलिवुड की सबसे सफल ऐक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। हालांकि माधुरी को फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। एक हालिया इंटरव्यू में माधुरी ने बताया है कि शुरुआत में किस तरह लोग उनके रंग-रूप और लुक्स का मजाक उड़ाया करते थे। हालांकि बाद में माधुरी ने बॉलिवुड में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दीं और अभी भी उनके करोड़ों फैन्स हैं। माधुरी ने बताया कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में आई थीं तब उन्हें किन-किन बातों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, लोग कहते थे कि मैं हिरोइन जैसी नहीं दिखती हूं क्योंकि मैं उम्र में कम, मराठी बैकग्राउंड की और बहुत छोटी नजर आती थी। तब लोगों ने अलग ही धारणा बना रखी थी कि एक हिरोइन को कैसा नजर आना चाहिए। मेरी मां बेहद मजबूत महिला थीं और उनका कहना था कि अच्छा काम करो तो पहचान जरूर मिलती है। मैंने हमेशा उनकी सलाह मानी। उन्होंने कहा था कि सफल होने के बाद लोग बाकी सारी बातें भूल जाते हैं। बता दें कि माधुरी दीक्षित ने अपना ऐक्टिंग डेब्यू साल 1984 में फिल्म 'अबोध' से किया था।



**बॉलीवुड** अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी हाल ही में प्रदर्शित हुयी है, जिसमें उनके अभिनय को बेहद पसंद किया गया है। आलिया अब हॉलीवुड सिनेमा में डेब्यू करने जा रही है। आलिया अभिनेत्री गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं नेटफ्लिक्स इंडिया ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने ट्विटर अकाउंट पर आलिया भट्ट की तस्वीर शेयर कर अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा की है। नेटफ्लिक्स इंडिया के ट्वीट के अनुसार आलिया भट्ट गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ फिल्म हार्ट टू स्टोन में नजर आने वाली हैं।



# हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही आलिया भट्ट